

# * पुनरावर्तन–३ *

**१. अनुस्वारवाले (ं) शब्दों को सुनो, समझो और दोहराओ :**

अङ्क–अंक, चञ्चल–चंचल, झण्डा–झंडा, सुन्दर–सुंदर, मुम्बई–मुंबई; टंकी, पंख, पतंग, कंघी, कंचा, पंछी, अंजीर, झंझावात, घंटी, कंठ, डंडा, पंढरपुर, संत, पंथ, बंदर, कंधा, पंप, गुंफन, कंबल, खंभा ।

**२. घायल पक्षी को देखकर तुम्हारे मन में कौन–से भाव उठते हैं, बताओ ।**

**३. पढ़ो और समझो :**

(क) **मैं** पाँचवीं कक्षा **में** पढ़ रहा हूँ ।

(ख) मृणाल ने पूछा, ''उदय ! **कहाँ** गए थे ?'' उदय ने **कहा,** ''मैं भोपाल गया था ।''

(ग) रौनक बिल्ली की **ओर** दौड़ा **और** वह भाग गई ।


(घ) राजू खेल रहा **है** । उसके साथी बैठे **हैं** ।

(च) सोहन **की** बिल्ली इतनी प्यारी है **कि** सब उसे उठा लेते हैं ।

**४. उचित शब्द बनाकर लिखो :**

| | | | |
|---|---|---|---|
| ख आँ | र पै | न का | ठ हों |
| ज ग का | ट ना घु | र द बं | त र भा |
| ई र पा चा | व ली दी पा | ला शा ठ पा | वा ल री फु |

**५. वर्ण अवयवों का उपयोग करते हुए अपने मन से उनके चित्र बनाओ :**



## कृति/उपक्रम

| | | | |
|---|---|---|---|
| विद्‌यालय में पहले दिन के अपने अनुभव सुनाओ । | किसी समारोह के बारे में पाँच वाक्य बोलो । | पंचतंत्र/ हितोपदेश की कहानियाँ पढ़ो । | एक चित्र बनाओ और उसका वर्णन दो–तीन वाक्यों में लिखो । |



# * पुनरावर्तन-४ *

**१. सुनो और दोहराओ :**

| | | |
|---|---|---|
| मैं | | रहा/ रही हूँ। |
| हम | | रहा/ रही है। |
| तू | जा | रहे हो/ रही हो। |
| तुम | | रहे हैं/रही हैं। |
| आप | | |


| | | |
|---|---|---|
| यह | | |
| ये | | रहा है/ रही है। |
| वह | जा | रहे हैं / रही हैं। |
| वे | | |

**२. तुम्हारे मित्र के पास कॉपी खरीदने के लिए पैसे नहीं हैं। तुम्हारी माँ ने मेला देखने के लिए तुम्हें तीस रुपये दिए हैं, इस स्थिति में तुम्हारे मन में कौन-से भाव जगते हैं, बताओ।**

**३. पढ़ो और समझो :**

**विद्यालय** : जहाँ विद्यार्थी पढ़ते हैं। **खेल खेलने वाला** : खिलाड़ी।
**जादूगर** : जादू दिखाने वाला। **सच बोलने वाला** : सत्यवादी।

**४. सिग्नल के चित्रों का वाचन करो और सिग्नल पार करते समय तुम क्या सावधानी बरतते हो, लिखो :**



**५. पढ़ाई करने के बाद भी तुम्हें परीक्षा से डर लग रहा है तो तुम क्या करोगे, बताओ :**

(क) बड़ों से बातचीत करोगे। (ख) खेलने जाओगे। (ग) गाना सुनोगे अथवा गाओगे। (घ) आराम करोगे।

## कृति/उपक्रम

| | | | |
|---|---|---|---|
| **भारत की पाँच विशेषताएँ सुनाओ।** | **परिसर में देखे हुए वृक्षों के नाम बताओ।** | **तेनालीराम की कहानियाँ पढ़ो।** | **तुम्हें कौन-सा खेल पसंद हैं और क्यों, लिखो।** |